भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं :.2943

उत्तर देने की तारीख :10.03.2026

वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास

2943. श्री करण भूषण सिंह:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गोंडा और बहराइच में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत चल रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवासों में वर्तमान में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं;

(ख) वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास के न्यूनतम मानकों को बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को वृद्धावस्था और स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में प्रदान किए गए प्रशिक्षण और कार्मिक प्रशिक्षण का ब्यौरा क्या है; और

(ग) कितने प्रशिक्षित कार्मिकों और कर्मचारियों ने नामांकन किया है और उसके बाद इन लोगों ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग उत्तर प्रदेश के गोंडा और बहराइच जिलों में 25 बिस्तरों वाले एक-एक वरिष्ठ नागरिक गृह के संचालन और मेन्टेनेंस के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन वरिष्ठ नागरिक गृहों में कुल 10-10 कर्मचारी कार्यरत हैं।

(ख) और (ग): योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, वरिष्ठ नागरिक गृहों में वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए डाक्टरों, नर्सों और योग चिकित्सकों के नियमित दौरे का अनिवार्य प्रावधान है। इसके अलावा, गोंडा और बहराइच जिलों में इन वरिष्ठ नागरिक गृहों के अन्य प्रबंधकीय/सहायक कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

*****